प्रतिभूति कागज कारख़ाना, नर्मदापुरम - 461005 (म.प्र.)
सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की इकाई (भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
मिनीरत्न श्रेणी-I सीपीएसई एवं आई.एस.ओ. 9001:2015, 45001:2018,50001:2018 एवं आईईसी 17025:2017 प्रमाणित
SECURITY PAPER MILL, NARMADAPURAM – 461005 (M.P)
A Unit of SECURITY PRINTING & MINTING CORPORATION OF INDIA LIMITED (Wholly Owned by Government of India)
Miniratna Category-I CPSE & ISO 9001:2015, 45001:2018, 50001:2018 & IEC 17025:2017 Certified
CIN: U22213DL2006GOI144763, GSTIN: 23AAJCS6111J3ZE

सूचना का अधिकार RIGHT TO INFORMATION

Tel. No.: 07574-286517-18, Fax No.07574-255170, E-mail: gm.spm@spmcil.com, Website: http://spmnarmadapuram.spmcil.com

क्रमांक : एच.आर./1(33)/विज्ञा.क्र./01/ दिनांक : 06.06.2026

**विषय : प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम में दैनिक आवश्यकता के आधार पर सिविल कार्य पैनल हेतु सलाहकार (सिविल) के रूप में पैनलबद्धीकरण।**

प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम (म.प्र.) "सिक्योरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड" (एसपीएमसीआईएल) की नौ इकाइयों में से एक है। एसपीएमसीआईएल एक मिनी रत्न श्रेणी-I केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, जो भारत सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है तथा दिनांक 13.01.2006 को कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित की गई थी। इसका उद्देश्य मुद्रा एवं बैंक नोट, गैर-न्यायिक स्टाम्प पत्र आदि का अभिकल्पन एवं निर्माण करना है। एसपीएमसीआईएल, वित्त मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन है तथा इसका पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय तृतीय तल, टॉवर-जी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 में स्थित है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि के संदर्भ में, प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम द्वारा सिविल कार्य पैनल के लिए दैनिक आवश्यकता के आधार पर सलाहकार (सिविल) के रूप में पैनलबद्धीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कर्मचारियों अथवा शासकीय संस्थानों के कार्यरत/सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों (विषय विशेषज्ञ के रूप में) अथवा किसी निजी क्षेत्र के योग्य सलाहकार से आमंत्रित हैं। पैनलबद्धीकरण प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, जिसे कार्य निष्पादन के आधार पर एक वर्ष के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है।

**<u>आवेदन करने की प्रक्रिया</u>**

1. आवेदन विज्ञापन में दिए गए निर्धारित प्रारूप (Proforma) में, अधिमानतः टंकित (Typewritten) रूप में प्रस्तुत किया जाए।
2. आवेदन पत्र वाले लिफाफे पर स्पष्ट रूप से निम्नलिखित अंकित होना चाहिए : **"दैनिक आवश्यकता के आधार पर सिविल कार्य पैनल हेतु सलाहकार (सिविल) के रूप में पैनलबद्धीकरण के लिए आवेदन"**
3. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, आयु एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाएं।
4. विधिवत पूर्ण आवेदन पत्र मुख्य महाप्रबंधक, प्रतिभूति कागज कारखाना, नर्मदापुरम (म.प्र.) - 461005 को दिनांक **06.07.2026** तक अथवा उससे पूर्व प्रेषित किया जाए। विलंब से प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। डाक विलंब अथवा प्रेषण के दौरान दस्तावेजों के खो जाने के लिए एसपीएम प्रबंधन उत्तरदायी नहीं होगा।

**<u>सामान्य शर्तें</u>**

• पैनलबद्धीकरण पूर्णतः आवश्यकता-आधारित होगा तथा प्रारंभिक अवधि एक वर्ष की होगी। कार्य निष्पादन एवं आवश्यकता के आधार पर इसे आगे बढ़ाया जा सकता है।

• सलाहकार (सिविल) हेतु पात्रता मानदंड परिशिष्ट-1 के अनुसार होंगे।

• सलाहकार (सिविल) को ₹4,000/- (रुपये चार हजार मात्र) प्रतिदिन की एकमुश्त मानदेय राशि (सभी समावेशी) देय होगी। तथापि, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति से आवश्यकता अनुसार बाह्य स्टेशन यात्रा की स्थिति में केवल यात्रा, आवास एवं भोजन व्यय (SPMCIL की यात्रा नियमावली/नीतियों के अनुसार) एसपीएमएन द्वारा वहन किया जाएगा।

• स्रोत पर कर कटौती (TDS) लागू होगी।

• आंकड़ों एवं दस्तावेजों की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य होगा।

• हितों के किसी भी टकराव (Conflict of Interest) की घोषणा नियुक्ति से पूर्व करना आवश्यक होगा।

• पैनलबद्ध अभ्यर्थी को एसपीएमएन के अन्य कर्मचारियों को उपलब्ध किसी भी प्रकार के वेतन, भत्ते, लाभ अथवा क्षतिपूर्ति पर कोई दावा नहीं होगा।

• पैनलबद्धीकरण इस विज्ञापन में उल्लिखित नियमों एवं शर्तों के अनुसार किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को उनके अनुभव प्रोफाइल आदि के आधार पर साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा।

• जिन अभ्यर्थियों का पैनलबद्धीकरण नहीं किया जाएगा, उनसे पैनलबद्धीकरण से पूर्व अथवा पश्चात किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा। एसपीएमएन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

• प्रबंधन बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। पैनलबद्धीकरण प्रक्रिया को बिना कारण बताए निरस्त, स्थगित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा तथा किसी प्रकार की अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।

• एसपीएमएन प्रबंधन आवश्यकता अनुसार नियुक्त किए जाने वाले सलाहकारों की संख्या बढ़ाने/घटाने अथवा संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

• इस विज्ञापन में निर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप न होने वाले, अपूर्ण अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

• साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने वाले पात्र अभ्यर्थियों की संख्या विनियमित करने के उद्देश्य से, यदि आवश्यक हो, तो एसपीएमएन प्रबंधन न्यूनतम पात्रता मानदंडों को बढ़ाने अथवा उनमें शिथिलता प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

• सभी पात्रता शर्तें/आयु आदि का निर्धारण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार किया जाएगा।

• किसी भी रूप में अनुचित प्रभाव (Canvassing) डालने का प्रयास अभ्यर्थी की अयोग्यता का कारण बनेगा।

**Sd/-**
**संयुक्त महाप्रबंधक**

## व्यक्तिगत सिविल कार्य सलाहकार हेतु पात्रता मानदंड

### 1. शैक्षणिक योग्यता

**1.1** अभ्यर्थी के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि (B.E./B.Tech.) होना अनिवार्य है।

**1.1.1** सिविल इंजीनियरिंग, संरचनात्मक इंजीनियरिंग (Structural Engineering), निर्माण प्रबंधन (Construction Management) अथवा अवसंरचना इंजीनियरिंग (Infrastructure Engineering) में स्नातकोत्तर उपाधि (M.E./M.Tech.) रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

### 2. न्यूनतम व्यावसायिक अनुभव

**2.1** अभ्यर्थी के पास भारत में सिविल इंजीनियरिंग कार्यों का न्यूनतम 20 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव होना चाहिए।

**2.2** अनुभव अधिमानतः निम्नलिखित संस्थानों में होना चाहिए :

- केंद्र सरकार के विभाग
- राज्य सरकार के विभाग
- सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSUs)
- स्वायत्त निकाय
- सरकार द्वारा वित्तपोषित संस्थान अथवा प्राधिकरण

### 3. प्रासंगिक तकनीकी अनुभव

सलाहकार के पास सिविल इंजीनियरिंग परियोजनाओं के निम्नलिखित में से एक अथवा अधिक क्षेत्रों में प्रदर्शित अनुभव होना चाहिए :

क) परियोजना नियोजन एवं अभिकल्पन
ख) विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) का निर्माण एवं परीक्षण
ग) लागत अनुमान, मात्रा विवरण (BOQ) एवं तकनीकी विनिर्देश तैयार करना
घ) निर्माण गतिविधियों का पर्यवेक्षण एवं निगरानी
ङ) स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी मूल्यांकन करना

### 4. वरिष्ठ स्तर के पदों का अनुभव

अभ्यर्थी ने अपनी सेवा अवधि के दौरान वरिष्ठ इंजीनियरी अथवा प्रबंधकीय पद धारण किया हो अथवा उपर्युक्त पैरा-3 में उल्लिखित प्रकृति के कार्य/परामर्श कम-से-कम ₹10 करोड़ अथवा उससे अधिक मूल्य की 5 परियोजनाओं में किए हों। ऐसे कार्य अधिमानतः शासकीय विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के लिए किए गए हों। योग्य पदों में निम्नलिखित सम्मिलित हो सकते हैं :

क) अधीक्षण अभियंता
ख) कार्यपालन अभियंता
ग) महाप्रबंधक (सिविल), सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
घ) अपर महाप्रबंधक (सिविल), सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम

**5. शासकीय प्रक्रियाओं एवं मानकों का ज्ञान**

सलाहकार को निम्नलिखित का कार्यकारी ज्ञान होना चाहिए :

क) शासकीय क्रय प्रक्रियाएं
ख) निविदा एवं संविदा प्रबंधन
ग) लोक निर्माण मानक
घ) शासकीय परियोजना निगरानी प्रणाली

निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का ज्ञान वांछनीय होगा :

क) सामान्य वित्तीय नियम (GFR)
ख) सीपीडब्ल्यूडी कार्य पुस्तिका (CPWD Works Manual)
ग) सीवीसी क्रय दिशा-निर्देश
घ) शासकीय परियोजनाओं में प्रयुक्त मानक निविदा दस्तावेज

**6. आयु सीमा**

क) आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 06.07.2026 को सलाहकार की आयु अधिमानतः 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ख) सलाहकार चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो तथा क्षेत्रीय भ्रमण एवं तकनीकी निरीक्षण करने में सक्षम हो।

**7. सत्यनिष्ठा एवं सेवा अभिलेख**

• अभ्यर्थी शासकीय सेवा अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम से स्वच्छ एवं संतोषजनक सेवा अभिलेख के साथ सेवानिवृत्त हुआ हो। (शासकीय सेवकों पर लागू)

• अभ्यर्थी को अपने सेवा काल में किसी भी समय अनुशासनात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप बर्खास्त, पदच्युत अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्त नहीं किया गया हो।

• अभ्यर्थी को यह घोषणा करनी होगी कि :

क) उसके विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक प्रकरण लंबित नहीं है।
ख) उसके विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण अथवा जांच लंबित नहीं है।
ग) उसे अथवा उसकी संस्था/फर्म को किसी भी शासकीय विभाग/संस्था द्वारा किसी भी समय काली सूची (Blacklisted) में शामिल नहीं किया गया है। (निजी आवेदकों के लिए)

**8. कार्य क्षेत्र**

सलाहकार को निम्नलिखित दायित्व सौंपे जा सकते हैं :

क) डीपीआर एवं सिविल इंजीनियरिंग प्रस्तावों की तकनीकी समीक्षा।

ख) निविदा दस्तावेजों एवं तकनीकी विनिर्देशों की समीक्षा।

ग) स्थल निरीक्षण एवं गुणवत्ता समीक्षा।

घ) सिविल कार्यों की गुणवत्ता सुधार हेतु अनुशंसाएं प्रदान करना।

ङ) परियोजना क्रियान्वयन के दौरान तकनीकी विवादों अथवा समस्याओं के समाधान में सहायता करना।

च) आवश्यकता अनुसार विभिन्न इकाइयों का भ्रमण करना।

छ) एसपीएमसीआईएल की आवश्यकता अनुसार अन्य सिविल इंजीनियरिंग संबंधी कार्य।

**9. अनुबंध की अवधि**

क) सलाहकार का पैनलबद्धीकरण प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा, जिसे कार्य निष्पादन एवं एसपीएमसीआईएल की आवश्यकता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

ख) यह पैनलबद्धीकरण पूर्णतः संविदात्मक होगा तथा इससे नियमित रोजगार का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

**Annexure-2**

**APPLICATION Form (Ref. No. HR./1(33)/Advt.No./01**

Recent Passport Size Photo

1. Name of Post:

2. Name of the Candidate:

3. Father's Name:

4. Date of Birth (DD/MM/YY):
   Age as on 06.07.2026

5. Permanent Address:

6. Address for correspondence

7. Phone numbers:
   Residence:
   Mobile:
   E-mail:

8. Date of retirement on superannuation:

9. Nationality

10. Details of Educational Qualifications starting from requisite professional qualification to Graduation:

| **Sr. No.** | **Examination Passed** | **Year of Passing** | **Subjects** | **% Marks Obtained** | **Name of the Institution** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. Details of Experience starting from latest employment:

| *Name of Organization* | *Position held & Level* | *Period (DD/MM/YY)* | | *Pay-scale with Pay* | *Last Total Emolument Drawn* | *Brief Description of Duties* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | *From* | *To* | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. Details of projects for which Consultancy services/expert advice rendered.

| *Sl. No.* | *Name of the Project* | *Location of the Project* | *Value of the Project* | *Whether it is Private or Government* | *Brief description of consultancy Assignment.* |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. Whether any relative already working with SPMCIL.
    If yes, specify the relationship.

14. Copies of certificates/testimonials to be enclosed (like PPO, Last Pay Certificate/Certificate for execution of projects (in case of private applicants) etc.

I ____________________ hereby affirm and declare that the statements made in the application are true and unexaggerated. I undertake that any misrepresentation or material omission made in this application form will render the undersigned liable to immediate removal from the Panel along with legal action, as deemed proper.

Date :

Place: (Signature of the Candidate)